आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार यात्रा और पर्यटन सीजन को लेकर पूरी तरह सतर्क, मिलावटखोरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी।
- नेपाल और उत्तराखण्ड के बीच कृषि सहयोग को लेकर देहरादून में हुई महत्वपूर्ण बैठक।
- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन मुंबई में वेव्स सम्मेलन में भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करेंगे।
- बागेश्वर जिले में "विंग्स ऑफ वर्ड्स" योजना की शुरुआत, बालिकाओं को संवाद कौशल में दक्ष बनाना है योजना का उद्देश्य।

सतर्कता

प्रदेश सरकार चारधाम यात्रा, मानसखंड और कैलाश मानसरोवर यात्रा सहित पर्यटन सीजन को लेकर पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मिलावटखोरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी है। प्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन– एफ०डी०ए की टीमें गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के दौरे पर भेजी गई हैं। पर्यटन तथा यात्रा सीजन के दौरान लाखों श्रद्धालु और पर्यटक उत्तराखंड पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सेहत और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कहीं भी मिलावटी खाद्य सामग्री, नकली दवाइयां या अस्वच्छ खानपान न मिले।

एफडीए की टीमों द्वारा हरिद्वार–नजीबाबाद मार्ग पर सजनपुर और चिंडियापुर के ढाबों व भोजनालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में गंदगी, सड़ी–गली खाद्य सामग्री, खुले मसाले, और दस्तावेजों की कमी जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इस पर संबंधित ढाबों के फूड लाइसेंस सात दिन के लिए निलंबित कर उन्हें सात दिन के भीतर सुधार कर अनुपालन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा लाइसेंस निरस्त कर कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह हल्द्वानी और उधमसिंहनगर में खाद्य सामग्री विक्रेताओं, मिठाई दुकानों, होटल–ढाबों और मेडिकल स्टोरों पर भी छापेमारी कर अनियमितताएं पाई गईं। कई दुकानों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने सभी जिलों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब्स और जनजागरूकता अभियान भी तेज कर दिए हैं ताकि यात्रा मार्गों पर खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों और आम जनता की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

गणेश जोशी

उत्तराखण्ड और नेपाल के बीच देहरादून में कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग पर आधारित बैठक व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इसे दोनों देशों के लिए सार्थक बताते हुए कहा कि भारत और नेपाल की रिश्ता रोटी–बेटी का है। उन्होंने कहा कि राज्य के तराई व भावर क्षेत्र खाद्यान्न उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में औद्यानिकी और सगंध पौधों की भारी संभावनाएं हैं। उन्होंने नेपाल से आए प्रतिनिधिमंडल से अपील की, कि उत्तराखण्ड और नेपाल मिलकर कृषि और औद्यानिकी के क्षेत्र में सहयोग करें, जिससे दोनों पक्षों को रोजगार और आर्थिक समृद्धि के नए अवसर मिल सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बैठक दोनों क्षेत्रों के बीच दीर्घकालिक सहयोग की आधारशिला सिद्ध होगी और कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।
वहीं, नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती के क्षेत्र में जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर हैं, बल्कि किसानों की आय को भी बढ़ावा देते हैं।

वेव्स

वेव्स– 2025 के तीसरे दिन आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। श्वेत पत्र भारत के तेजी से बढ़ते लाइव मनोरंजन उद्योग का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2024–25 पर सांख्यिकीय पुस्तिका भी जारी की जाएगी।
सम्मेलन में आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन भी होगा। यह सामुदायिक रेडियो केंद्रों को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने और सर्वोत्तम परम्पराओं को साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।
इससे पहले वेव्स सम्मेलन में कल क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का पहल सत्र संपन्न हो गया। इसके अंतर्गत 32 अलग–अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

विंग्स ऑफ वर्ड्स

बागेश्वर जिले में "विंग्स ऑफ वर्ड्स" नाम से एक विशेष योजना की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बागेश्वर में इस अभिनव पहल का शुभारंभ किया। यह योजना केंद्र सरकार की "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को संवाद कौशल में दक्ष बनाना है।

योजना के तहत विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए तीन माह का निःशुल्क अंग्रेज़ी बोलने का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें भविष्य के रोजगार के अवसरों के लिए भी तैयार करेगा।

योजना के पहले दिन ही 85 बालिकाओं ने सक्रिय सहभागिता कर अपनी सीखने की ललक और बदलाव की इच्छा को दर्शाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि "विंग्स ऑफ वर्ड्स" जैसी पहलें बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होंगी।

<u>बाइट हरी झंडी</u>

चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने संयुक्त रूप से 06 बाइकों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। चारधाम यात्रा में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर एक निजी बैंक ने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से जिला प्रशासन को ये मोटर साइकिल उपलब्ध करायी हैं।

चारधाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था में कई बार व्यवधान उत्पन्न होता है और पुलिसबल को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। लेकिन अब इन बाइकों की मदद से पुलिस द्वारा घटना स्थल पर जल्दी पहुंचा जा सकेगा। गौरतलब है कि जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट कल और 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने हैं।

<u>भारतीय रिजर्व बैंक</u>

भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024—25 में भारत का कुल निर्यात लगभग आठ खरब पच्चीस अरब डॉलर के अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष के सात खरब 78 अरब डॉलर के निर्यात की तुलना में 6 दशमलव शून्य एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सेवा निर्यात 13 दशमलव 6 प्रतिशत बढ़कर 3 खरब सत्तासी अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 25 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में एक अरब 98 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर छह खरब 88 अरब 13 करोड़ डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक पूरक आंकडों के अनुसार पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में दो अरब 17 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई।